अति–आवश्यक

संख्याः– शिक्षा–उच्चतर(21)ए(3)33/2019–वी–भाग–।
शिक्षा निदेशालय (उच्चतर),
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1
Tel:0177&2653120, Extn-234, E-mail:dhe-sml-hp@gov.in

शिक्षा निदेशालय उच्चतर
17 DEC 2019

दिनांक शिमला–1 दिसम्बर,2019

सेवा में

समस्त प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक,
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक/ उच्च पाठशाला,
(केवल शीतकालीन अवकाश वाले)
हिमाचल प्रदेश

विषयः– शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में 9वीं कक्षा की दिसम्बर माह में आयोजित की जाने वाली वार्षिक परीक्षाओं बारे।

उपरोक्त विषय पर, जैसाकि आपको विदित है कि हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दिसम्बर माह में अधिक हिमपात होने के कारण शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में दिसम्बर माह में आयोजित की जा रही कक्षा 9वीं की वार्षिक परीक्षा के कुछ विषयों की परीक्षाएं अधिक बर्फबारी के कारण निर्धारित की गई दिनांक सूची अनुसार आयोजित नहीं की जा सकी।

इस सन्दर्भ में, विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीतकालीन अवकाश वाले समस्त स्कूलों के प्रधानाचार्यों/मुख्याध्यापकों को निर्देश दिए जाते हैं कि जिन स्कूलों में 9वीं कक्षा के जिन–जिन विषयों की वार्षिक परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकी, उन विषयों के प्रश्न पत्र सम्बन्धित पाठशाला द्वारा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा भेजे गए नमूना प्रश्न पत्रों के आधार पर तैयार किए जाएंगे तथा उसके उपरान्त, सम्बन्धित पाठशाला द्वारा उन विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। एक से अधिक विषयों की परीक्षा हेतु दिनांक सूची उस क्षेत्र के मौसम के पूर्वानूमान को ध्यान में रखते हुए भी सम्बन्धित स्कूल द्वारा ही तैयार की जाएगी।

–हस्ता०–

(डा० प्रमोद चौहान),
संयुक्त शिक्षा निदेशक(महा०),
उच्चतर शिक्षा, हिमाचल प्रदेश

पृष्ठांकन संख्याः सम दिनांक शिमला–1 दिसम्बर,2019

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. उप–शिक्षा निदेशक, उच्चतर शिक्षा व उप–शिक्षा निदेशक, निरीक्षण संवर्ग, जिला किन्नौर, शिमला, सिरमौर, सोलन, कुल्लू, मण्डी, कांगड़ा और चम्बा, को निर्देश दिए जाते हैं कि मामले में उपरोक्त अनुसार कार्यवाही सूनिश्चित करने बारे।
2. तकनिकी अधिकारी, सूचना एवम प्रौद्योगिकी कक्ष, उच्चतर शिक्षा निदेशालय को निर्देश दिए जाते हैं कि पत्र की प्रति को विभगीय वैबसाइट पर उपलब्ध करवाने बारे।
3. रक्षक नस्ति।

संयुक्त शिक्षा निदेशक(महा०),
उच्चतर शिक्षा, हिमाचल प्रदेश